14.22 hrs. (Shri P.H.Pandian in the Chair)

Title: Need to run an express train between Howrah and Badbil *via* Tatanagar and Kharagpur in Bihar.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) : सभापति जी, आपके माध्यम से मैं सदन एवं मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि हावड़ा से बडबिल वाया टाटा, खड़गपुर के बीच एक एक्सप्रैस रेल सेवा चलाए जाने की आवश्यकता है। वर्तममान समय में एक पैसेंजर रेल सेवा चल रही है जिसका समय लोगों के लिए अनुकूल नहीं है और यह रेल समय भी अधिक लेती है जिसके कारण लोग इस पैसेंजर रेल सेवा का प्रयोग नहीं करते हैं। यह क्षेत्र आदिवासी-बहुल और अविकसित है। यहां पर खानों की संख्या सबसे ज्यादा है। अगर अच्छी रेल सेवा हो, तो इस क्षेत्र के विकास में सहायता मिलेगी और लोगों को रोजगार भी मिल पाएगा।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मेरा अनुरोध है कि हावड़ा से बडबिल वाया टाटा, खड़गपुर होते हुए एक एक्सप्रैस रेल सेवा चलाई जाए।